

VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION

# ABHYAAS MAINS

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न पत्र-I)/GENERAL STUDIES (Paper-I) (2217)

निर्धारित समय: **तीन घंटे**
*Time Allowed:* ***Three Hours***

अधिकतम अंक: **250**
*Maximum Marks:* ***250***

### सामान्य अनुदेश

*इस प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में 55+1 पृष्ठ हैं। प्रश्न-पत्र, क्यू.सी.ए. पुस्तिका के अंत में संलग्न है, जो अलग (वियोज्य) किया जा सकता है और उम्मीदवार परीक्षा के उपरांत अपने साथ ले जा सकते हैं।*

*रफ कार्य के लिए, इस पुस्तिका के अंत में खाली पृष्ठ दिया गया है।*

*पुस्तिका प्राप्त होने पर, कृपया यह जांच कर लें कि इस क्यू.सी.ए. पुस्तिका में कोई कमी न हो, फटा हुआ पृष्ठ न हो अथवा कोई पृष्ठ गायब न हो इत्यादि। यदि ऐसा हो, तो इसके बदले नई क्यू.सी.ए. पुस्तिका प्राप्त कर लें।*

### General Instructions

*This Question-Cum-Answer (QCA) Booklet contains 55+1 pages. Question Paper in detachable form is available at the end of the QCA Booklet which can be taken away by the candidate after examination.*

*For rough work, blank page has been provided at the end of this Booklet.*

*On receipt of the Booklet, please check that this QCA Booklet does not have any shortcomings, torn or missing pages etc. If, so, get it replaced with a fresh QCA Booklet.*

**(उम्मीदवार द्वारा भरा जाएगा/To be filled by the Candidate)**

पंजीकरण सं./Registration No. : 1385290

अभ्यर्थी का नाम/Name of Student : Muktendra kumar

माध्यम: हिंदी/अंग्रेजी
Medium: Hindi/English
Hindi

तारीख
Date
27-08-22

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न पत्र-I)
# GENERAL STUDIES (Paper I)

केंद्र
Centre
Delhi- Mukherjee Nagar.

निरीक्षक के हस्ताक्षर
Invigilator's Signature
R.C

| | महत्वपूर्ण अनुदेश | Important Instructions |
|---|---|---|
| | **उम्मीदवारों को नीचे उल्लिखित निर्देश सावधानी से पढ़ लेने चाहिए। किसी भी निर्देश का उल्लंघन करने पर उम्मीदवारों को मिलने वाले अंकों में कटौती, उम्मीदवारी रद्द या आयोग के परवर्ती परीक्षाओं के लिए वर्जित करने इत्यादि के रूप में दण्डित किया जा सकता है।** | **Candidates should read the undermentioned instructions carefully. Violation of any of the following instructions may entail penalty in the form of deduction of marks, cancellation of candidature, debarment from further Examination of the Commission etc.** |
| 1 | (क) अपना पंजीकरण सं. एवं अन्य विवरण केवल प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका (क्यू.सी.ए.) में उम्मीदवार के लिए निर्धारित स्थान पर ही लिखें।<br>(ख) इस पुस्तिका में अन्यत्र कहीं भी अपना नाम, पंजीकरण सं., मोबाइल नं., पता अथवा प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका (क्यू.सी.ए.) संख्या न लिखें जिससे आपकी पहचान का खुलासा हो। | (a) Write your Registration Number and other details only in the space provided in the Question-Cum-Answer (QCA) Booklet for candidates.<br>(b) Do not disclose your identity in any manner such as, by writing your Name, Registration number, Mobile number, Address, Question-Cum-Answer (QCA) Booklet No. etc. elsewhere in the Booklet |
| 2 | अपनी प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में कहीं भी प्रश्नों के वास्तविक उत्तर के अतिरिक्त कुछ न लिखें जैसे कि कोई कविता/दोहा, अभद्र या अपमानजनक अभिव्यक्ति इत्यादि और न ही कोई ऐसा चिन्ह/निशान बनाएं जिसका उत्तर से सम्बन्ध न हो। | Do not write in the QCA Booklet anything other than the actual answer such as couplet, obscene, abusive expression etc., nor put any sign/mark having no relevance to the answer. |
| 3 | परीक्षक को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रार्थना/धमकी भरी बातें न लिखें। | Do not make any direct/indirect appeal/threat to the examiner. |
| 4 | उत्तर अस्पष्ट अथवा गंदी लिखावट में न लिखें। इस प्रकार के उत्तर का मूल्यांकन नहीं भी किया जा सकता है। | Do not write answers in bad/illegible handwriting. Such answers may not be evaluated. |
| 5 | उत्तर स्याही में ही लिखें। उत्तर लिखने के लिए पेंसिल का उपयोग न करें, हालांकि आरेख, चित्र इत्यादि बनाने के लिए पेंसिल का उपयोग किया जा सकता है। | Write answers in ink only. Do not use pencil for writing the answers. However, pencil may be used for drawing diagrams, sketches, etc. |
| 6 | प्रवेश पत्र में उल्लेख किए गए माध्यम के अलावा अन्य किसी माध्यम में उत्तर न लिखें। अधिकृत और अनधिकृत की मिली जुली भाषा का भी उपयोग न करें। | Do not write answers in medium other than the authorized medium in the Admission Certificate. Do not use mixed language either i.e. authorize and unauthorized media together for writing answers. |
| 7 | प्रश्नों के उत्तर ठीक उसके नीचे दिए गए निर्धारित स्थान पर ही लिखें। निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर लिखे गए उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। | Write answer at the specific space (right below the question) only. Answers written elsewhere at unspecified places in the booklet shall not be evaluated. |
| 8 | यदि आप अपने किसी उत्तर को रद्द करना चाहते हैं तो उसे पेन से काट दें तथा उस पर "रद्द" लिख दें, अन्यथा उसका मूल्यांकन किया जा सकता है। | If you wish to cancel any work, draw your pen through it and write "Cancelled" across it, otherwise it may be valued. |

| कार्यालय के प्रयोग हेतु<br>For Official Use | कार्यालय के प्रयोग हेतु<br>For Official Use |
|---|---|
| परीक्षक के हस्ताक्षर<br>Signature of Examiner(s) | |

प्राप्तांक के विवरण (परीक्षक द्वारा भरा जाए)/ Marks Details (To be filled by the Examiner(s))

| प्रश्न सं.<br>Q. No. | अंक<br>Marks | | प्रश्न सं.<br>Q. No. | अंक<br>Marks | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 11 | | |
| 2 | | | 12 | | |
| 3 | | | 13 | | |
| 4 | | | 14 | | |
| 5 | | | 15 | | |
| 6 | | | 16 | | |
| 7 | | | 17 | | |
| 8 | | | 18 | | |
| 9 | | | 19 | | |
| 10 | | | 20 | | |
| उप-योग (A)<br>Subtotal (A) | | | उप-योग (B)<br>Subtotal (B) | | |
| सकल योग (A+B) / GRAND TOTAL (A+B) | | | | | |

VISION IAS

VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION

# ABHYAAS MAINS

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न पत्र-I)/GENERAL STUDIES (Paper-I) (2217)

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय: **तीन** घंटे<br>Time Allowed: **Three** Hours | अधिकतम अंक: **250**<br>Maximum Marks: **250** |

### प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:***

*कुल **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिंदी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

***प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए।***

*प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखिए।*

*प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ भाग को पूर्णतः काट दीजिए।*

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.***

*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*All questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question/part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

***Answers to Questions No. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Questions No. 11 to 20 should be in 250 words.***

*Keep the word limit indicated in the questions in mind.*

*Any page or portion of the page left blank in the Questions-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

# EVALUATION INDICATORS

1. Contextual Competence
2. Content Competence
3. Language Competence
4. Introduction Competence
5. Structure - Presentation Competence
6. Conclusion Competence

**Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:**

1.

2.

3.

4.

5.

6.

**All the Best**

VISION IAS

1. उदाहरणों के साथ, चर्चा कीजिए कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक परंपराएं क्षेत्रीय संगीत में किस प्रकार प्रतिबिंबित होती हैं। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
With examples, discuss how the cultural traditions from various regions of India get reflected in regional music. (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

भारत प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक समृद्धता का धनी रहा है। सांस्कृतिक परंपरा को समृद्ध बनाने में संगीत का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।


संगीत: शीलतत्व

उदाहरण:

ठुमरी-टप्पा

कजरी

इत्यादि।




चित्र: भारत के शास्त्रीय नृत्य

शैलीय संगीत परंपरा

① हिंदुस्तानी संगीत: यह संगीत शैली उत्तर भारत में प्रचलित है, जिसमें जयपुर घराना, लखनऊ घराना इत्यादि प्रमुख है।

② कर्नाटक संगीत परंपरा: यह संगीत परंपरा दक्षिण भारत में प्रचलित है। त्यागराज इत्यादि इसके प्रमुख प्रतिपादक रहे हैं।

सांस्कृतिक परंपराओं का मिश्रण

उदाहरण: "ध्रुपद"
→ हिंदुस्तानी संगीत हिंदु-मुस्लिम समन्वय को दर्शाता है।
→ कर्नाटक संगीत भारत की प्राचीन विरासत को दर्शाता है।

इस प्रकार संगीत वर्तमान में भी अपनी मधुर आवाज से भारत को गुंजायमान बनाये हुए है।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

2. श्रमिक वर्ग के आंदोलन के उद्भव पर प्रकाश डालते हुए, भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में उसके योगदान की विवेचना कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Highlighting the emergence of the working class movement, discuss its contribution towards India's freedom struggle. (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

18वीं सदी में विश्व में औद्योगीकरण का उद्भव हुआ। ब्रिटिश राज में 19वीं सदी में उत्तरार्द्ध में भारत में भी औद्योगीकरण की शुरुआत हुई। इसने श्रमिक वर्ग आंदोलन को जन्म दिया।

उद्भव

① 1870 के दशक में श्रमिक वर्ग आंदोलन का मंद गति से उद्भव हुआ।

② नारायणजी लोखंडे ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

③ कालांतर में गांधीवादी प्रावस्था के दौरान श्रमिक आंदोलन का चरमोत्कर्ष हुआ, 1928-29 में संपूर्ण भारत में 203 हड़तालें हुए।

कारण → काम की अनुचित दशाएं
→ कम वेतन, काम के अधिक घंटे इत्यादि।

स्वतंत्रता संघर्ष में योगदान

→ श्रमिक वर्ग ने अंग्रेजों के विरुद्ध आवाज उठाई।

→ 'स्वदेशी आंदोलन', खिलाफत असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, नौसेना विद्रोह इत्यादि में श्रमिक वर्ग की व्यापक भागीदारी देखी गई।

→ श्रमिक वर्ग ने 'राजनीतिक स्वतंत्रता' के साथ 'आर्थिक स्वतंत्रता' की भी मांग की। 'कराची प्रस्ताव' इसका उदाहरण है।

इस प्रकार श्रमिक वर्ग आंदोलन को समावेशी बनाया तथा 'ब्रिटिशराज' को उखाड़ने में योगदान दिया।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

3. क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि गांधीवादी राजनीति एक प्रकार से तिलक की राजनीति का ही विस्तार थी? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
Do you agree with the view that Gandhian politics was, in a sense, a continuation of Tilak's politics? (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

ब्रिटिशराज का विरोध करने के लिए स्वतंत्रता संग्राम में कई रणनीतियाँ अपनाई गई, किंतु गांधीवादी राजनीति एवं तिलक राजनीति इसमें प्रमुख मानी जाती है।

**तिलक की राजनीति**

→ तिलक ने नरमपंथी राजनीति की आलोचना की और कहा "यदि वर्ष में एक बार मेंढक की तरह टर्राएंगे तो कुछ नहीं मिलेगा"

→ तिलक ने गरमपंथी राजनीति की शुरुआत की।

→ इसके अंतर्गत, धर्म का उपयोग जैसे: गणेश महोत्सव,

सविनय अवज्ञा यदि आवश्यक हो तो हिंसा, बहिष्कार स्वदेशी प्रमुख तत्व थे,

गांधीवादी राजनीति

- → सत्याग्रह, अहिंसा
- → बहिष्कार स्वदेशी (असहयोग आंदोलन)
- → हिंदू-मुस्लिम एकता.

विस्तार ?

गांधीजी ने तिलक राजनीति में अहिंसा का तत्व जोड़कर नरमपंथी एवं गरमपंथियों के बीच समन्वय बनाया।

- इससे अंग्रेजी राज को दमन का बहाना ढूंढना मुश्किल हो गया।

निष्कर्षः गांधीवादी राजनीति में तिलक की राजनीति के तत्व ढूंढे जा सकते हैं किंतु इस राजनीति की मुख्य विशेषता 'जनता का समावेश' थी, जो पहले अनुपस्थित थी



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

4. ऐसा कहा जाता है कि मानव प्रेरित तापन के कारण विश्व के महासागर अपनी 'मेमोरी' खो रहे हैं। टिप्पणी कीजिए। साथ ही, इस परिघटना के परिणामों पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
It is said that the world's oceans are losing their 'memory' due to human-induced warming. Comment. Also, discuss the consequences of the phenomenon. (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

वैश्विक जलवायु स्थिति रिपोर्ट 2020 (WMO) के अनुसार $CO_2$ सांद्रता पूर्व-औद्योगिक स्तर से 149% अधिक हो गई है, जो 'वैश्विक तापन' को दर्शाता है। इसका समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

महासागरों पर प्रभाव

- 'समुद्री हीट वेव' की बढ़ती प्रवृत्ति. उदाहरण: हिंद महासागर
- चक्रवातों की बढ़ती आवृत्ति।
- 'कोरल रीफ्स' एवं 'मैंग्रोव' पर नकारात्मक प्रभाव।
- (समुद्रों, महासागरों की $CO_2$ अवशोषण क्षमता घट रही है)

[परिणाम]

① तटीय आबादी के रोजगार, आवास पर संकट।

② देशों की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव।

③ मानसून के आगमन में देरी/जल्दी। उदाहरण: इस वर्ष मानसून आगमन में 6 दिन की देरी हुई।

④ प्रवाल भित्तियाँ जो 'समुद्री वर्षावन' कहे जाती हैं, की क्षति से महत्वपूर्ण औषधियाँ इत्यादि का अभाव।

⑤ महासागरों की धाराओं पर नकारात्मक प्रभाव. उदाहरण: AMOC.

निष्कर्ष: 'वैश्विक तापन' को बढ़ने से रोकने के लिए 'पेरिस समझौता' को कुशल कार्यान्वयन की आवश्यकता है ताकि सतत विकास लक्ष्य 14" को प्राप्त किया जा सके।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

5. मृदा संशोधन क्या है? इससे संबद्ध लाभों और चिंताओं का मूल्यांकन कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
What is soil amendment? Evaluate the benefits and concerns associated with it. (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

'मृदा संशोधन' से तात्पर्य प्राकृतिक मृदा में आवश्यक परिवर्तन करने से है, ताकि वांछित लाभ प्राप्त किया जा सके।

**संबद्ध लाभ**

- कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने में सहायक।
- जलवायु परिवर्तन से लड़ने में सहायक।
- लवणीकरण जैसी समस्याओं का प्रबंधन।
- सिंचाई को कुशल बनाना।

चुनौतियाँ

→ लोगों के बीच जागरूकता का अभाव।

→ कृषि विज्ञान केंद्रों में कुशल कार्मिक का अभाव।

→ प्राकृतिक मृदा पर अनपेक्षित प्रभाव पड़ने की आशंका।

→ "स्पष्ट नीति" (वैकल्पिक) का अभाव।

निष्कर्ष मृदा संशोधन को इनकी खामियों को दूर करते हुए प्रयोग किया जाना चाहिए।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

6. यह सुझाव दिया गया है कि अगले दशक में हाइब्रिड विद्युत संयंत्रों की संख्या में तीव्र वृद्धि हो सकती है। ऐसे विद्युत संयंत्रों से प्राप्त होने वाले लाभों का उल्लेख करते हुए, उनसे जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

It has been suggested that the next decade may see a boom in hybrid power plants. Stating the advantages that such power plants offer, discuss the associated challenges. (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

हाइब्रिड विद्युत संयंत्र से तात्पर्य ऊर्जा के दो स्रोतों का प्रयोग कर विद्युत उत्पादन प्रणाली से है।

उदाहरण: 'सौर + पवन'

वैश्विक स्तर पर इन प्रणाली का प्रचलन बढ़ रहा है तथा भारत भी इससे अछूता नहीं है।

भारत: भारत में सरकार द्वारा राष्ट्रीय हाइब्रिड सौर-पवन नीति 2018 लागू की गई है।

↳ संयुक्त अरब अमीरात गुजरात में 200 मेगावाट की हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र लगाने की कवायद इत्यादि।

लाभ

→ विद्युत की निरंतर आपूर्ति
→ एकल स्रोत पर निर्भरता में कमी।
→ भारत के 'पंचामृत' लक्ष्यों के अनुरूप।
→ 'पर्यावरण अनुकूल'
→ 'हरित हाइड्रोजन'

चुनौतियाँ :

① 'ई-वेस्ट' एक बड़ी समस्या। इसे लेकर भारत में कोई स्पष्ट नीति नहीं।
② 'मौसम' की बढ़ती अनियमितता'।
③ प्रशासन में सक्रियता का अभाव।
④ 'भूमि' की उपलब्धता सुनिश्चित करना

हाइब्रिड विद्युत संयंत्र 'ऊर्जा सुरक्षा' की दिशा में बेहतर कदम है इसे स्पष्ट, एवं सुदृढ़ कार्यनीति के साथ प्राप्त किया जाना चाहिए।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

7. वैन एलन रेडिएशन बेल्ट्स क्या हैं? इनके निर्माण का वर्णन करते हुए, चर्चा कीजिए कि इनके अध्ययन पर अधिकाधिक ध्यान क्यों दिया जा रहा है। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
What are Van Allen Radiation Belts? Explaining their formation, discuss why there has been a growing focus on their study. (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

यह एक ऐसी बेल्ट है जो रेडिएशन से संबंधित है।

निर्माण

इसका निर्माण हेतु प्राकृतिक कारक काफी जिम्मेदार है।

कई चरणों में निर्माण।

· अध्ययन की आवश्यकता ?

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए Candidates must not write on this margin

① अनुकूलन सिद्धांतों को समझने में सहायक।

② नई सूचनाओं का पता चल सकेगा।

③ भूगोल की समझ बढ़ेगी।

निष्कर्ष : वॉन थ्यूनन पोजिशन को सटीकता के साथ अध्ययन किया जाना चाहिए।

8. चर्चा कीजिए कि क्या भारत में वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित कर दिया जाना चाहिए? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
Discuss whether marital rape should be criminalised in India. (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

हाल ही में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने वैवाहिक बलात्कार याचिका पर खंडित फैसला दिया, जिससे यह चर्चा में है।

वैवाहिक बलात्कार

- पत्नी के साथ सहमति के बिना यौन संबंध बनाना।
- IPC की धारा 375B, के तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र की पत्नी के साथ वैवाहिक बलात्कार अपराध नहीं।

इसे अपराध घोषित करने के पक्ष में तर्क

① मानवीय गरिमा के विरुद्ध (अनुच्छेद 21)

② अनुच्छेद 14, 19, के विरुद्ध।

③ भारत ने महिलाओं के विरुद्ध सभी भेदभाव का उन्मूलन अधिनियम का अनुसमर्थन किया है।

④ प्रस्तावना के 'न्याय' की अवधारणा के विरुद्ध

विपक्ष
→ आंतरिक जीवन में हस्तक्षेप
→ बयानों, सबूतों की उपलब्धता करना कठिन।
→ पुरुषों के विरुद्ध मनमाना उपयोग की संभावना।

निष्कर्ष: वैवाहिक बलात्कार मानवीय मूल्यों एवं नैतिकता के विरुद्ध है, इसलिए इसे अपराध घोषित करना ही सार्थक कदम है बल्कि वर्मा समिति का भी यही कहना है।

9. केयर इकोनॉमी (देखभाल अर्थव्यवस्था) क्या है? इससे जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डालिए और भारत में इन चुनौतियों से निपटने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
What is care economy? Highlight the challenges associated with it and mention the steps taken to address them in India. (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

केयर इकोनॉमी से तात्पर्य बुजुर्गों, बच्चों, रोगियों एवं अक्षम व्यक्तियों की सेवा में लगे कर्मचारियों से संबंधित आर्थिक गतिविधि से है।

चुनौतियाँ
- बिना वेतन के काम करना।
- घरेलू कार्यों को 'GDP' में मान्यता नहीं।
- शिशु देखभाल सुविधाओं का अभाव, जो वर्क कार्यों में लगी हुई महिलाओं के लिए बड़ी चुनौती।
- कम वेतन
- कौशल एवं नवाचार का अभाव।

उठाए गए कदम

- → राष्ट्रीय शिशु गृह विश्राम योजना
- → 'SAGE' कार्यक्रम।
- → मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम।
- → अन्य कार्यक्रम: NGOs इत्यादि जैसे: 'नन्ही कली'

'केयर इकॉनॉमी' को सुगठित एवं एकीकृत करने की आवश्यकता है ताकि इससे जुड़े व्यक्ति तथा उनके रोजगार सुरक्षित बन सकें एवं बेहतर सेवाएँ जरूरी व्यक्तियों तक पहुँच सकें।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

**10.** महामारी के बाद भारत "लर्निंग पॉवर्टी (अधिगम निर्धनता)" की चुनौती से जूझ रहा है। इसके निहितार्थों का विश्लेषण कीजिए और आगे की राह का सुझाव दीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
Post-pandemic India is staring at the challenge of "learning poverty". Analyse its implications and discuss a way ahead. (Answer in 150 words) 10

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार महामारी के बाद भारत में लर्निंग पॉवर्टी का स्तर बढ़ा है, जो काफी चिंताजनक है।

लर्निंग पॉवर्टी → 10 वर्ष तक के बच्चों द्वारा साधारण पाठ को समझने व पढ़ने में अक्षमता

अंतर्राष्ट्रीय छात्र आकलन कार्यक्रम में 2009 में भारत का बेहद खराब प्रदर्शन।

**निहितार्थ:** RTE 2009 अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर पाया है।

(2) रटंत विद्या अपनी जगह बनाए हुए है।

(3) महामारी ने शिक्षा में असमानता को जन्म दिया है (असीम प्रेमजी फाउंडेशन रिपोर्ट 2021)

(4) शिक्षा प्रणाली में व्यापक निवेश की तत्काल आवश्यकता।

**आगे की राह**

- "अमर्त्य सेन" की सिफारिशों पर कार्यान्वयन
- बच्चों को आउटडोर स्टडी द्वारा सिखाना।
- विद्यांजलि जैसी योजनाओं को बढ़ावा
- कमजोर तबकों को DBT: ऑनलाइन शिक्षा हेतु।

ये उपाय SDG-4 को पाने में सहायक हो सकते हैं।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

11. दक्षिण भारत में भित्ति परंपराओं के विकास पर प्रकाश डालिए। साथ ही, उनकी महत्वपूर्ण विशेषताओं का सविस्तार वर्णन कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)
Bring out the evolution of mural traditions in South India. Also, elaborate on their significant characteristics. (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

दक्षिण भारत में कला एवं स्थापत्य का व्यापक विकास हुआ है, भित्ति परंपरा इसी का उदाहरण है।


भित्ति परंपराओं का विकास

① पल्लव शासकों ने इस परंपरा को विकसित किया संभवत: उत्तर से इसे अपनाया गया था।

② महाबलीपुरम् में भित्ति परंपरा को देखा जा सकता है। उदाहरण: अर्जुन की तपस्या का भित्ति चित्र।

③ इसके बाद एलोरा में भित्ति परंपरा उत्कर्ष पर पहुँची। कैलाश मंदिर में गोवर्धन धारण किए हुए कृष्ण, कैलाश पर्वत उठाते हुए रावण का भित्ति चित्रित सौंदर्य का अनुपम उदाहरण है।

④ विजयनगर शासकों ने कला परंपरा को वास्तुकला एवं अलंकरण का तत्व जोड़कर मंदिर स्थापत्य को समृद्ध बनाया।




चित्र : भित्ति चित्र स्थल

उदाहरण: हजारा राम मंदिर (कृष्णदेवराय)

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

महत्वपूर्ण विशेषताएँ

1. पुराण, महाभारत, रामायण के कथानकों का चित्रण।
2. रॉक-कट वास्तुकला का तत्व।
3. नैतिक शिक्षा देना भी एक मकसद रहा।
4. आम जीवन के चित्र भी भित्तियों पर बनाए गए। उदाहरण: बल्लारी के भित्तिचित्र

इस प्रकार भित्ति परंपरा भारतीय समाज, संस्कृति का अंग बनी रहीं एवं स्वयं को प्रदर्शित कर आम जीवन को समृद्ध बनाया।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

12. 19 वीं शताब्दी में ब्रिटिश साम्राज्यवाद का विरोध करने वाला भारतीय राष्ट्रवाद औपनिवेशिक आधुनिकता का ही एक परिणाम था। क्या आप इससे सहमत हैं? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Indian nationalism that confronted British imperialism in the 19th century was a product of colonial modernity. Do you agree? (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

'श्वेत जाति का भार' का औचित्य देते हुए अंग्रेजों ने भारत को अपना उपनिवेश बनाकर शोषण शुरू किया। इसके प्रतिरोध में 'राष्ट्रवाद' का उदय हुआ। इसके कारणों को लेकर विवाद विद्यमान रहा है।

भारतीय राष्ट्रवाद

→ 1885 ई. में 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' की स्थापना

→ स्वदेशी आंदोलन से गांधीजी के आगमन तक द्वितीय चरण

→ (1915-1947) गांधीवादी प्रावस्था

स्वदेशी आंदोलन, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन इत्यादि में

भारतीय राष्ट्रवाद निरूपित हुआ।

औपनिवेशिक आधुनिकता का परिणाम?

① 1813 ई. के चार्टर एक्ट ने भारतीयों हेतु 'एक लाख' शिक्षा हेतु निर्धारित किए।

② यह शिक्षा पश्चिमी मॉडल पर आधारित थी, इसने लोकतंत्र, राज्य, समानता, कानून का शासन से लोगों (मध्यम वर्ग) का परिचय करवाया।

③ औद्योगिकरण: बंबई, कोलकाता जैसे शहरों में सूती वस्त्र मिल इत्यादि उद्योगों को लगाया गया जिससे विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच संवाद कायम हुआ एवं एकता को बल मिला।

④ रेल प्रणाली का चलन, इससे क्षेत्रीय



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

बाधाएँ दूर हुईं, स्वयं गांधीजी ने रेलवे की महत्ता को स्वीकारा।

इसके बावजूद इसके विपरीत मत भी उपस्थित है

विपक्ष

→ इतिहासकार सी.ई. बेईली का कहना है कि राष्ट्रवाद उपनिवेश-पूर्व ही जड़ पकड़ने लगा था

→ वैशाली जैसे गणतंत्र पहले से ही भारत में लोकतंत्र के विचारों की उपस्थिति को दर्शाते है।

→ उपमहाद्वीप के धर्म और एकता को बढ़ावा देता था

निष्कर्षतः कहा जा सकता है जिस 'राष्ट्रवाद' का सामना ब्रिटिशराज ने किया, उसके उदय में आधुनिकता का प्रभाव रहा, इसी के साथ प्राचीन कई तत्वों ने भी 'राष्ट्रवाद' को सुदृढ़ता प्रदान की।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

13. स्वातंत्र्योत्तर भारत में पर्यावरणवाद कई संगठित आंदोलनों के रूप में सामने आया है। विवेचना कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Environmentalism surfaced in the form of many organised movements in post independence India. Discuss. (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही 'पर्यावरण-मैत्री' रही है, यह हमें 'तुलसीपूजा' इत्यादि परंपराओं से दिखाई पड़ती है। स्वतंत्रता के बाद इस संस्कृति ने आंदोलन का रूप लेकर स्वयं की रक्षा करने का प्रयास किया।

**आंदोलन**

(1) चिपको आंदोलन:

- इसकी शुरुआत उत्तराखंड के 'चमोली जिले' में हुई। (1973ई.)
- इस आंदोलन के प्रणेता सुंदरलाल बहुगुणा' थे एवं महिलाओं की व्यापक भागीदारी इस आंदोलन में देखी गई।
- पेड़ों को काटने से बचाना मकसद।

प्रभाव: हिमालयी क्षेत्र में 15 वर्षों के लिए पेड़ों की कटाई पर रोक।

- पर्यावरण मंत्रालय का मानना।

② अप्पिको आंदोलन

- इस आंदोलन की शुरुआत कर्नाटक राज्य में 1983 ई. में हुई।
- पेड़ों की कटाई को रोकना मकसद था।

प्रभाव: उद्देश्य सफल रहा

अन्य आंदोलन
- 'नर्मदा बचाओ' आंदोलन।
- 'टिहरी बांध' आंदोलन।
- 'आरे जंगल' बचाओ आंदोलन।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

आंदोलनों का कारण

- → स्थानीय समुदायों की आजीविका के स्रोत।
- → सांस्कृतिक महत्व
- → पर्यावरण को बचाना।

इन आंदोलनों को देखते हुए भारत सरकार ने कई कदम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाए।

कदम

- → पर्यावरण संरक्षण अधि. 1986
- → राष्ट्रीय वन नीति 1988
- → पर्यावरण प्रभाव आकलन की व्यवस्था।

निष्कर्षतः इन पर्यावरण आंदोलनों ने भारत में पर्यावरण संवेदनशीलता को मजबूत बनाया, इसी का परिणाम है कि भारत आज पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पाने के करीब है।

14. क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि आर्थिक साधनों के माध्यम से ब्रिटेन को पराजित करने के लिए नेपोलियन द्वारा अपनाई गयी महाद्वीपीय नाकाबंदी एक गलत रणनीति थी? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Do you agree with the view that continental blockade was an ill-conceived strategy by Napoleon to conquer Britain through economic means? (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

19वीं सदी ई. की शुरुआत में युद्धनिर्माता नेपोलियन बोनापार्ट द्वारा स्पेन, रूस, पुर्तगाल, जर्मनी इत्यादि को पराजित करने के बाद इंग्लैण्ड ही एकमात्र देश बचा था जो उसके अधीन नहीं हुआ था, इसलिए नेपोलियन ने 'आर्थिक कूटनीति' का सहारा लेकर उसे पराजित करने का प्रयास किया।

महाद्वीपीय नाकाबंदी

→ यूरोपीय राज्यों द्वारा इंग्लैंड का आर्थिक बहिष्कार

→ टिलसिट की संधि (1807ई.) द्वारा रूस, प्रशा को राजी किया।

महाद्वीपीय नाकाबंदी असफलता का कारण

(1) इसकी वजह से दोस्त से ज्यादा दुश्मन बने।

(2) इसने स्पेन युद्ध को जन्माया, जो नेपोलियन के लिए जहरीला फोड़ा साबित हुआ।

(3) नेपोलियन का सोचना था कि वह ब्रिटेन का स्थान लेकर यूरोप की आर्थिक जरूरतों को पूरा करेगा, किंतु कम समय में यह मुमकिन नहीं था।

(4) इंग्लैण्ड का अजेय सामुद्रिक बेड़ा, जबकि फ्रांस काफी पीछे था।

(5) कमजोर सामुद्रिक बेड़े की वजह से वृहद यूरोपीयतट की सुरक्षा नहीं हो पाई, और यूरोपीय



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

व्यापारी चोरी से इंग्लैंड के साथ व्यापार करते रहे।

6) ब्रिटेन का औपनिवेशिक साम्राज्य, इसलिए महाद्वीपीय नाकाबंदी का कोई महत्व न था।

7) ब्रिटेन को भारी कीमत पर अनाज की बराबर आपूर्ति करते रहना।

हालांकि नेपोलियन की यह रणनीति उसकी सूझ-बूझ एवं दूरदर्शिता को दर्शाती है, क्योंकि इंग्लैंड समुद्री द्वीप है, इसलिए प्रत्यक्ष युद्ध से उसे हराना बहुत कठिन था इसलिए नेपोलियन ने यह रणनीति अपनाई।

निष्कर्षतः महाद्वीपीय नाकाबंदी एक कुशल रणनीति थी, किंतु इसका कार्यान्वयन ठीक से न हो पाने के कारण नेपोलियन का सपना अधूरा रहा एवं विश्व इतिहास की धारा बदल गई।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

15. आर्कटिक पैराडॉक्स से आप क्या समझते हैं? आर्कटिक क्षेत्र में खनिज और ऊर्जा संसाधनों के स्थानिक वितरण पर प्रकाश डालिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)
What do you understand by the Arctic Paradox? Highlight the spatial distribution of mineral and energy resources in the Arctic region. (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

(आर्थिक) आर्कटिक पैराडॉक्स से तात्पर्य आर्कटिक के संरक्षण और उसके संसाधनों के प्रयोग को लेकर उत्पन्न विरोधाभासों से है।

आर्कटिक में खनिज और ऊर्जा संसाधनों का स्थानिक वितरण।

(1) अमेरिकी विभाग की रिपोर्ट अनुसार यहाँ तेल एवं प्राकृतिक गैस के प्रचुर भंडार मौजूद है।


(2) कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन एवं पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से मीथेन हाइड्रेट्स को

कार्बन प्रच्छादन विधि द्वारा संग्रहित कर प्रयोग में लाना।

(3) आर्कटिक तल में कई खनिजों की उपस्थिति हो सकती है।

(4) पवन ऊर्जा की उपस्थिति।

(5) OTEC का प्रयोग कर तापीय ऊर्जा।




चित्र: ▭ : आर्कटिक क्षेत्र

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

देशों द्वारा इस दिशा में कदम

- पोलर सिल्क रोड
- भारत की "आर्कटिक नीति"
- रूस द्वारा आर्थिक प्रयास
- आर्कटिक परिषद के सदस्य भी यहाँ के संसाधनों को प्राप्त करने हेतु प्रयासरत है

निष्कर्षत: आर्कटिक प्रदेश की संधारणीयता हेतु अति आवश्यक है अत: खनिजों का सतत उपयोग एवं प्रबंधन ही इस दिशा में किया गया प्रयास होना चाहिए।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

16. क्रायोस्फीयर (हिमांक-मंडल) में होने वाले परिवर्तनों में पारितंत्र और उसके लोगों पर विनाशकारी प्रभाव डालने की प्रवृत्ति होती है। चर्चा कीजिए। साथ ही, इस जोखिम से निपटने के उपायों को सूचीबद्ध कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Cryosphere changes have a tendency to bring about a devastating impact on the ecosystem and its people. Discuss. Also, enlist measures to tackle this threat. (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

पृथ्वी पर कुल क्षेत्रफल के 70% भाग पर जल है, जिसमे 2.7% ही अलवण जल है, जिसका 70% हिमांक मंडल मे उपस्थित है। वर्तमान मे यह परिवर्तनो से गुजर रहा है।

हिमाँक मंडल: परिवर्तन

① वैश्विक तापन का प्रभाव एवं पिघलती बर्फ

② NCPOR के अनुसार यदि लगातार बर्फ पिघलती रही तो वर्ष 2050 तक आर्कटिक बर्फ विहीन हो जाएगा।

③ पर्माफ्रॉस्ट का पिघलना।

④ 'ग्रांट आइस शेल्फ' का भी पिघल रहा है।

(5) हिमालयी पर्वत का हिमांक-मंडल वर्ष 2100 तक 2/3 घट सकता है। (UNDP रिपोर्ट)

**प्रभाव**

(1) पारितंत्र पर

- AMOC का कमजोर होना।
- "प्रवाल भित्ति तंत्र" पर प्रभाव जो महत्वपूर्ण होते हैं।
- पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से गैसों ($CH_4$) का उत्सर्जन।
- ध्रुवीय भालू इत्यादि पर खाद्य संकट

(2) मानव जीवन पर

- आजीविका का संकट
- तटीय क्षेत्रों का डूबना (वाटर फिल्टर रिस्क रिपोर्ट) WWF
- गल्फ स्ट्रीम की प्रणाली बदलने से यूरोप को ठंड से राहत नहीं मिल पाएगी।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

उपाय : हिमांक-मंडल के संरक्षण हेतु उपलब्ध समझौतों का कुशल कार्यान्वयन। (आर्कटिक संधि) आदि।

(2) हिमालयी सुरक्षा हेतु 'ब्लैक कार्बन' के उत्सर्जन पर लगाम। (विश्व बैंक)

(3) इस सदी के अंत तक तापमान को 1.5°C तक बनाए रखने हेतु 'सुदृढ़ नीति' की आवश्यकता। (IPCC-रिपोर्ट)

(4) 'मोसैक' जैसे अभियानों द्वारा अनुसंधान कार्य।

निष्कर्षतः पृथ्वी को बचाए रखने के लिए हिमांक मंडल को बनाए रखना बेहद आवश्यक है। आर्कटिक नीति, एवं अंटार्कटिका बिल 2022 भारत द्वारा इस दिशा में किए गए सार्थक प्रयास हैं।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

17. शहरी बाढ़ की बारंबार होने वाली घटनाएं भारत में शहरी पारितंत्र के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं। महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं पर पड़ने वाले इसके प्रभाव पर विशेष बल देते हुए चर्चा कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)
The frequent instances of urban flooding pose a severe risk to the urban ecosystem in India. Discuss with special emphasis on its impact on the critical infrastructure. (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के अनुसार भारत की 4 करोड़ हेक्टेयर भूमि (शहरी) बाढ़ से प्रभावित है, जिसमें शहरी बाढ़ का बड़ा हिस्सा है।

भारत : शहरी बाढ़

→ हैदराबाद एवं पुणे जैसी 'स्मार्ट सिटी' प्रभावित।

→ वर्षा के आगमन के साथ शहर पानी से भर जाता है।

शहरी पारितंत्र पर खतरा : महत्वपूर्ण अवसंरचना

(1) शहरी 'ड्रेनेज प्रणाली' का ध्वस्त होना।

(2) आवाजाही में रुकावट, अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव।

(3) 'विद्युत ग्रिड' की क्षति होना।

(4) 'स्वास्थ्य चिकित्सा प्रणाली' में रुकावट।

(5) 'शिक्षा प्रणाली' में बाधाएँ।

(6) 'शहरी मलिन बस्तियों' की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी जोखिम।

(7) 'रेल प्रणाली' की समय प्रणाली पर प्रभाव।

(8) 'उद्योगों' की गतिविधियों का धीमा होना, उदाहरण: मुंबई.

(9) व्यापक जान-माल का रखरखाव

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

इससे निपटने के लिए भारत सरकार लगातार प्रयासरत है तथा NDMA भी इस दिशा में कार्यरत है।

① 'स्मार्ट सिटी मिशन'

② 'अमृत पहल 2.0'

③ स्थानीय निकायों की क्षमता बढ़ाना।

④ NDMA के दिशा-निर्देश।

निष्कर्षतः शहरी बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। शहरी विकास योजना बनाते समय 'नदी प्रबंधन' को भी शामिल करना इस दिशा में प्रभावी कदम हो सकता है।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

18. रेत न केवल आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण पारितंत्र सेवाएं भी प्रदान करती है। सविस्तार वर्णन कीजिए। इस संदर्भ में, भारत में संधारणीय रेत खनन के महत्व पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Sand is not only critical for economic development but also provides crucial ecosystem services. Elaborate. In this context, discuss the importance of sustainable sand mining in India. (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

रेत एक महत्वपूर्ण खनिज होता है, जिसे भारत में गौण खनिज के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

आर्थिक विकास में रेत का महत्व

① सीमेंट उद्योग हेतु एक आवश्यक खनिज।

② खनन उद्योग में रोजगार का साधन।

③ परिवहन उद्योग को बढ़ावा।

④ राज्य सरकारों को राजस्व की प्राप्ति।

पारितंत्र सेवाएँ

① नदी प्रवाह को निर्धारित बनाए रखना।

② सूक्ष्म जीवों का परिवेश।

③ नदी तट के कटाव को रोकने में सहायक।

④ जीवों का अवशोषण।

⑤ मृदा संरक्षण में सहायक।

संधारणीय रेत खनन: भारत

सैंड एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में रेत खनन रेत निर्माण की दर से अधिक है, ऐसे में इसका सतत उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है।

महत्व

① तटीय समुदायों को रोजगार की संधारणीयता।

② कृषि हेतु नदी जल की आवश्यकता होती है, इसलिए

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

'संधारणीय रेत खनन' जल सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा।

(3) 'सतत विकास लक्ष्यों' को प्राप्त करने में सहायक।

(4) 'अवैध रेत खनन' को रोकने में सहायक।

MoEFCC ने संधारणीय रेत खनन पर दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिन्हें प्रशासन द्वारा कुशलता एवं सक्रियता से लागू किये जाने की आवश्यकता है ताकि 'रेत' का सतत उपयोग सुनिश्चित हो सके।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए Candidates must not write on this margin

19. भारत में शहरी क्षेत्रों के अनियंत्रित और असंतुलित विकास की चुनौती शहरी नियोजन और क्षमता में सुधारों को आवश्यक बनाती है। विवेचना कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)
The challenge of unbridled and unbalanced growth of urban spaces in India necessitates reforms in urban planning and capacity. Discuss. (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

जनगणना 2011 के अनुसार भारत में 31.2% आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करती है, जो 2050 तक 50% तक पहुँच सकती है, इसलिए सुनियोजित शहरी विकास आवश्यक बन जाता है।

अनियंत्रित और असंतुलित विकास

① शहरी क्षेत्रों में स्लम-बस्तियों की बढ़ती संख्या।
उदाहरण: धारावी,

② आँकड़ों के अनुसार शहरों के 17% परिवार झुग्गी-झोपड़ियों (स्लम) में निवास करते हैं।

(3) 'सीवेज प्रणाली' का अकुशल होना,

(4) 'परिवहन प्रणाली' का कुशलता अभाव, उदाहरण: दिल्ली जामसमस्या,

(5) 'वायु प्रदूषण' की समस्या: भारत 5वें स्थान पर (विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2021)

(6) ध्वनि प्रदूषण का बढ़ता स्तर: (फ्रंटियर्स रिपोर्ट: UNEP)

(7) विकास योजनाओं में आपदा प्रबंधन को शामिल करने का अभाव।

(8) पेड़ों को काटने से कंक्रीटाइजेशन और 'हीट सिटी' का बढ़ता चलन,

(9) कुशल डिजिटल प्रणाली का अभाव।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

शहरी नियोजन और समता सुधार

(1) पर्यावरण संतुलन हेतु मियावाकी पद्धति एवं कैलिफोर्निया के 'स्पन्ज सिटी मॉडल' का प्रयोग।

(2) PM-आवास योजना द्वारा 'स्लम' की समस्या का समाधान।

(3) 'सार्वजनिक परिवहन प्रणाली' एवं e-वाहन को बढ़ावा।

(4) विकास-सह-आपदा मॉडल को योजनाओं में अपनाना।

(5) जन-भागीदारी सुनिश्चित करना।

निष्कर्षतः शहरी विकास हेतु सुस्पष्ट एवं समग्र दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता है ताकि SDG-11 को फलीभूत किया जा सके।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

20\. भारत में नारीवादी आंदोलनों में ऐतिहासिक रूप से समावेशिता का अभाव रहा है, जो प्राय: एक सीमित पाश्चात्य उच्च-वर्ग के मानस के भीतर विकसित होती रही है। समालोचनात्मक विवेचना कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Feminist movements in India have historically lacked inclusivity, often growing within a limited Western upper-class psyche. Critically discuss. (Answer in 250 words) 15

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

अपने अधिकारों को हासिल करने के लिए भारत में नारीवादी आंदोलनों का उदय ब्रिटिश काल के दौरान हुआ, तथा यह आज भी जारी है, जिसमें विविधता विद्यमान है।

नारीवादी आंदोलन
- → भारत स्त्री महामंडल (1910)
- → ऑल इंडिया विमेंस कांफ्रेंस (1927)
- → ऑल बंगाल विमेंस यूनियन

इन आंदोलनों ने स्त्रियों की शिक्षा, राजनीति अधिकारों इत्यादि की मांग की।

समावेशिता का अभाव

→ निम्न वर्ग की भागीदारी का अभाव

→ कोलकाता, मुंबई, एवं मद्रास तक सीमित.

→ निचली जातियों की स्त्रियों की भागीदारी का अभाव।

→ मुस्लिम स्त्रियों की भागीदारी का अभाव।

उदाहरण: पंडिता रमाबाई, कमला देवी चट्टोपाध्याय, ऐनी बेसेंट, सरोजिनी नायडू

किंतु समावेशिता का अभाव पूर्णत: सही नहीं ठहराया जा सकता है।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

कारण

① गांधीजी के आंदोलनो में वैश्याओं तक की भागीदारी दिखाई देती है हालांकि कांग्रेस इत्यादि संगठन इनकी भागीदारी को लेकर ज्यादा उत्सुक नहीं थे।

② 'सावित्री बाई फूले' ने निम्न वर्ग की महिलाओं की शिक्षा हेतु पहला स्कूल खोला।

③ चिपको आंदोलन इत्यादि में भागीदारी।

④ 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' में सभी वर्ग, जाति की महिलाओं की भागीदारी।

⑤ ~~बेगम~~ ⑤

निष्कर्षत: महिला आंदोलन बेशक पूर्णत: समावेशी न रहे हो किंतु उन्होंने सभी महिलाओं की आवाज बनकर अपने अधिकारों की मांग की।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

## SPACE FOR ROUGH WORK